## तबादलों के एक माह बाद भार मुक्त नहीं किए, सीएम के आदेशों का भी कर रहे खुला उल्लंघन

# सीईओ से रोजगार सहायक तक तबादले के बाद कोर्ट से स्टे लेकर जमे हैं लोकसेवक

**प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को सुशासन कायम रखने और प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए तबादला नीति लागू की और प्रदेश में सैकड़ों कर्मचारियों का तबादला किया और शीघ्र ज्वाइनिंग को लेकर आदेश जारी किए गए। परंतु सीएम के आदेश को भी ठेंगा दिखाते हुए जिले में कई अधिकारी, कर्मचारी ऐसे है जो अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं। भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए उनका यह सेटअप बिगड़ न जाए इसलिए वे यहां से जाना नहीं चाहते। एक जमी जमाई भ्रष्टाचारयुक्त व्यवस्था जो कि अतिरिक्त आय का और कामचोरी का जरिया हो उसे कैसे कोई लोकसेवक कैसे छोड़ सकता है। सीईओ से लेकर सहायक यंत्री, उपयंत्री, पंचायत इंस्पेक्टर, सचिव, रोजगार सहायक सभी मिलीभगत से सिंडिकेट बनाकर शासन को लाखों करोड़ों का चूना लगा रहे है। कोर्ट से स्टे लेकर अपनी ही जगह पर बने रहना चाहते है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर



तामिया जनपद के अंतर्गत पांच क्लस्टर के अंतर्गत 56 पंचायते आती है। यहां पर अधिकांश आदिवासी सरपंच महिला है। इन्हीं पंचायतो को मनरेगा के अधिकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार का कार्य क्षेत्र बनाकर पुरुष वाली ग्राम पंचायत के साथ महिला सरपंच वाली ग्राम पंचायत में जमकर मनरेगा योजना में फर्जी वाडा कर अपने चहेते के नाम पर भुगतान कर सरकारी राशि को डकार रहे हैं। मूलभूत, पांचवें वित्त, ब्याज, की राशि सहित अन्य योजना के अलावा मनरेगा योजना के अंतर्गत पुल,पुलिया, सीसी रोड, सड़क, नि स्ता री तालाब,पोखर,गली प्लग, जैसे निर्माण में जमकर लूटपाट की गई है जिसमें किसी प्रकार का विरोध का ना होना यहां के कर्मचारियों अधिकारियों को रास आ गया और वे तबादले होने के बाद क्षेत्र को छोड़ने तैयार नहीं है।

### छिंदवाड़ा का तामिया क्षेत्र भ्रष्टाचार के लिए सबसे अनुकूल

भ्रष्टाचार के लिए छिंदवाड़ा जिले का तामिया क्षेत्र सबसे आसान और अनुकूल है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र और पर्याप्त वनसंपदा खनिज, औषधि जैसे संसाधन होने के कारण भ्रष्टाचार करने में बेहद आसानी होती है। मनरेगा जैसी योजनाओं के नाम पर इतना भ्रष्टाचार है कि शासन की जांच भी अब कम पड़ गई है। सीईओ,सहायक यंत्री, उप यंत्री, पंचायत इंस्पेक्टर, पंचायत सचिव रोजगार सहायक के तबादले हुए लेकिन सब जाने के बजाय न्यायालय का सहारा लेकर यहीं पर नौकरी करना पसंद कर रहे हैं कारण साफ है कि भ्रष्टाचार का इतना आसान कार्य क्षेत्र इनको कहीं नहीं मिलेगा, इन्होंने ले लिया स्टे लेने का मूल कारण यहीं है।

**सीईओ जनपद पंचायत :** तामिया जनपद पंचायत सीईओ जिनका तबादला नरसिंहपुर जिले की जनपद पंचायत में हुआ था लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य कारणो का हवाला देकर जबलपुर हाईकोर्ट से स्टे ले लिया और वे वर्तमान मै न्यायालय के आदेश में जनपद पंचायत संभाले हुए है।

**सहायक यंत्री:** वहीं मनरेगा की सहायक यंत्री जिनका प्रमोशन के साथ बालाघाट जिला प्रदेश सरकार ने स्थानांतरण किया था, लेकिन वो भी प्रमोशन छोड़कर तामिया से जाना नहीं चाहती उनके नहीं जाने के पीछे भी मनरेगा योजना का मोह बतलाया.जा रहा है।

**उप यंत्री:** इसी जनपद पंचायत मैं तामिया क्लस्टर के उप यंत्री जिनका तबादला जिला कोर कमेटी से चौरई जनपद पंचायत हुआ था, लेकिन एक माह से अधिक होने के बाद भी उन्हें कार्य मुक्त नहीं किया गया। यह उपन्यत्री भी मनरेगा के मोह के चलते नहीं जाना चाहती?वही दूसरे उपयंत्री जो झिरपा सेक्टर की पंचायत में तैनात हैं। उनका तबादला भी कोर कमेटी से ही जुन्नारदेव जनपद हुआ था। लेकिन वह भी जुगाड़ कर तामिया से जुन्नारदेव जाने तैयार नहीं है। ये भी मनरेगा योजना के वशीभूत शायद जुन्नारदेव जाना नहीं चाहते।

**पंचायत इंस्पेक्टर:** इसी तरह जनपद पंचायत के पंचायत इंस्पेक्टर का तबादला जुन्नारदेव जनपद पंचायत हुआ था। लेकिन वह भी जनपद के मोह में जुन्नारदेव जनपद पंचायत जाने राजी नहीं है। उन्होंने कार्य मुक्त होने के बाद स्टे ले लिया उनका भी तामिया जनपद पंचायत से मोह साफ नजर आ रहा है।

**सचिव:** इसी तरह जिला पंचायत कोर कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों का तबादला किया गया था लेकिन झिरपा ग्राम पंचायत सचिव जिनके पास रैनीखेड़ा ग्राम पंचायत का भी अतिरिक्त प्रभार था उनका तबादला परासिया ब्लॉक किया गया था, लेकिन कार्य मुक्त होने के बाद न्यायालय की शरण में है। इसलिए नहीं जाना चाहते क्योंकि उनको भी दोनों पंचायत से लगाओ जो हो गया है।

**रोजगार सहायक:** इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण चौकाने वाला पद है? तामिया ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक जो रसूखदार हैं और कई ग्राम पंचायतो में अपना खुला हस्तक्षेप मनरेगा योजना में सीधा रखते हैं वे तो जनपद पंचायत की ही ग्राम पंचायत में तबादला होने के बाद जाना नहीं चाहते और उन्होंने कार्य मुक्त होने के बाद स्टे ले आये तो समझा जा सकता है कि उनको तामिया ग्राम पंचायत के साथ-साथ अन्य पंचायत में दखल खत्म होने की दशा में स्टे लाने की चर्चा जोरों पर है।

---

**खबर संक्षेप**

### संदीप मोहोड़ ने सपत्निक किया रूद्र अभिषेक पूजन



**सौंसर।** पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड के निवास पर शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ रूद्र अभिषेक पूजा का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ प्रशिक्षक आशिष पटेल एवं विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रो के उच्चारण के साथ भगवान रूद्र का आव्हान किया। इस दौरान प्रमुख यजमान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड एवं श्रीमती दर्पणा मोहोड ने रूद्र पुजन कर शिवभक्ति का पावन वातावरण सृजित किया। इस दौरान वैदिक मंत्रों और रूद्राष्टाध्यायी के पाठ से संपूर्ण परिसर शिवमय हो गया। मोहोड दंपत्ति ने भगवान शंकर से समस्त जनकल्याण और समृद्धि हेतु प्रार्थना की। श्री आशिष पटेल ने रूद्र पूजन का महत्व बताते हुये कहा कि, भगवान शिव के रूद्र रूप की आराधना है, जो विषेष रूप से शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि एवं नकारात्मक ऊर्जा का नाष हेतू किया जाता है। यह पूजन कष्टों का निवारण, आध्यात्मिक उन्नति में सहायक होता है। परिवार में धर्म, संयम और सदगुणों की स्थापना करता है। श्रावण मास में की गई पूजा फलदायी होती है। पूजन उपरांत श्रद्धालूओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

### लघु उद्योग भारती ने किया औधोगिक क्षेत्र में वृक्षारोपण

**सौंसर।** लघु उद्योग भारती इकाई बोरगांवम.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया,शनिवार को हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण करते हुए पर्यावरण की रक्षा सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में अरविंद तिवारी, लघु उद्योग भारती अध्यक्षदीपक हिम्मतरामका,सचिव वामन ठोबरे,रामगोपाल द्रविड़,रितेश जेन, कौस्तुभ टेबरे,सतीश मलिक,नितिन मोहने, हर्षल पुण्यनी, मनोज श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## आज सभी बूथों पर सुनी जाएगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा के प्रदेश और जिला नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा राम मन्दिर नगर मंडल 3 की संगठनात्मक संतोष साहू एकेडमी राजपाल चौक में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर ने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि हर महीने के अंतिम रविवार को प्रातः 11 बजे से प्रधान मंत्री मोदी जी की मन की बात का कार्यक्रम सभी शक्ति केंद्रों के सभी बूथ पर अनिवार्य रूप से सुनी जाना है।

आज 27 जुलाई रविवार को सभी बूथों पर ये कार्यक्रम रखें और सभी बूथ अध्यक्ष या महामंत्री द्वारा इसकी रिपोर्टिंग संगठन एप पर करना है, पिछले महीने मंडल के 48 में से 47 बूथ की रिपोर्टिंग हुई इस बार पूरी 48 बूथ की रिपोर्टिंग होना चाहिए, इसी तरह एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण सभी सक्रिय सदस्यो से सभी शक्ति केंद्रों पर करवाना है। बैठक का संचालन करते हुए भाजपा नेता पंकज पाटनी ने सभी शक्ति केंद्र संयोजक और प्रभारियों से आग्रह किया कि आप अपने वार्ड के जो भी तीन, चार, पांच बूथ है उनमें मन की बात कार्यक्रम आयोजित करवा कर इसकी रिपोर्ट संगठन एप पर और ग्रुप में देवें।

बैठक समापन पर आभार व्यक्त करते हुए पौधरोपण प्रभारी मयूर पटेल ने बताया कि रविवार दोपहर में वार्ड, 30, 32, 31 में पौधरोपण किया जाएगा, जिसमें सभी कार्यकर्ता से निवेदन है कि आप सभी उपस्थित रहें।

इस बैठक में महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मोरेश्वर हिवसे, संतोष साहू, शरद बैंडे, विकास राय, गजेन्द्र बारस्कर, बबलू पराते, आलोक साहू, मंगेश कपाले, मनीष गुप्ता , मोहित बुनकर, ऋषभ ताम्रकार, चंद्रकिरण ठाकुर, कमरुद्दीन छोटू, संदीप माहौर, रोहित माहोरे, नितिन राउत, किशोर पटेल, अनिल सोनी, नरेंद्र बागड़ी, आशीष गुप्ता सप्पू, यश गुप्ता, यश निंबालकर, सतीश बन्नाइत, सुनील मालवीय, राजू चौकसे, आकाश कहार, निकुंज साहू, सौरभ सेंगर, ऋषिकांत मालवीय, द्रोण जायसवाल, योगेश दास, बंटी मोहन मालवी, राजा गढ़ेवाल, राजेश चौरे, प्रहलाद सोनी, अल्तमस खान सहित अन्य कार्य करता उपस्थित थे।

### कारगिल विजय दिवस पर नवोदय विद्यालय के बच्चों ने की पेंटिंग



**बिछुआ।** शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, सिंगोड़ी में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में पेंटिंग का आयोजन किया गया, जिससे छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत हुई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने देश भक्ति गीत गाए और देश भक्ति से ओत प्रोत भाषण दिए। इसके अलावा, छात्रों ने कविता पाठ भी किया, जिसमें कारगिल युद्ध के वीरों के बलिदान को याद किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति की भावना को जगाना और उन्हें अपने देश के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों के बलिदान को याद किया और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी दी और शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कारगिल विजय दिवस का यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रहा।

## माधुरी को मिली स्पोर्ट्स सायकल



**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने तामिया की ग्राम पंचायत धगड़िया के ग्राम बीजाढाना निवासी सूरजभान शाह की पुत्री कुमारी माधुरी नर्रे को अपने व्यक्तिगत सहयोग से डेढ़ लाख की लागत वाली स्पोर्ट्स सायकल उपलब्ध कराई है। यह सायकल मिल जाने से अब कुमारी माधुरी राष्ट्रीय स्तर की सायकल रेस प्रतियोगिताओं में भी भाग ले सकेगी।

उल्लेखनीय है कि बीजावाड़ा निवासी कुमारी माधुरी नर्रे वर्तमान में शासकीय मॉडल स्कूल तामिया में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत है। कुमारी माधुरी इसके पूर्व ओपन राष्ट्रीय स्तर की सायकल रेस प्रतियोगिता सहित खेलों इंडिया के आयोजन में शामिल हो चुकी हैं। लेकिन उसके पास स्पोर्ट्स सायकल नहीं होने से वे जबलपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता सहित कर्नाटक में आयोजित ओपन नेशनल गेम में शामिल नहीं हो सकी थी। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि तामिया आदिवासी क्षेत्र की रहने वाली छात्रा कुमारी माधुरी नर्रे ने पिछले दिनों उनसे मुलाकात की थी।

## सांसद से मिले सेन समाज के पदाधिकारी



**छिंदवाड़ा :** भारतीय सेन समाज संगठन छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों ने आज जिले के सांसद विवेक बंटी साहू से मुलाकात कर समाजिक भावनाओं से अवगत कराया।यह जानकारी देते हुए भारतीय युवा सेन समाज संगठन के जिलाध्यक्ष हेमंत बंदेवार ने बताया कि कि समाज के पदाधिकारी ने भवन के रुके समाजिक कार्यों के लिए सांसद निधि से सहयोग राशि देने की मांग की इस अवसर पर भारतीय सेन समाज संगठन छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार प्रदेश प्रभारी अंकित बंदेवार जिला युवा अध्यक्ष हेमंत बंदेवार सेलून ऐशोसियन अध्यक्ष बंटी श्रीवास सहित समाजिक बंधु विशेष रूप से उपस्थित थे।

### समर्थ महिला मंडल द्वारा मनाया गया हरियाली महोत्सव



**छिंदवाड़ा:** पाठाढाना महिला मंडल द्वारा सावन मास के अवसर पर भारतीय सेन समाज संगठन की महिला जिला अध्यक्ष नीतू सराठे के निवास स्थान पर धार्मिक आयोजन कर भजन कीर्तन पूजा पाठ कर लोक गीत मधुर गायन हरा साज सिंगार कर राधा कृष्ण की झांकी बना कर झूला झुला कर तीज हरियाली महोत्सव मनाया ।इस अवसर पर रुपाली बंदेवार, सुनीता पवार,चौबितकर,निधी चोबितकर,नलनी चौबितकर, कविता डोयजन सोनी सरदार, रानी विश्वकर्मा, ललिता पवार सुनीता सूर्यवंशी,ममता चौबितकर,सहित महिला मंडल कि समस्त महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## नवांकुर सखी ने नृत्य के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

बींझावाडा में नवांकुर सखी कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने नृत्य के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । यह आयोजन मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के आवाहन पर किया गया था, जिसका उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण है चौरई विकासखंड समन्वयक एडवोकेट ललिता कुसरे ने कहा, ?पर्यावरण संरक्षण हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने पर्यावरण को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ।मनीष तिवारी ने कहा, ?नवांकुर सखी कलश यात्रा का आयोजन पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है । हमें इस अभियान को आगे बढ़ाना चाहिए और पर्यावरण को बचाने के लिए काम करना चाहिए ।नवांकुर सखी ने मां वसुंधरा की पूजन करते हुए सभी पौधे की पूजन किया। विकासखंड समन्वयक ललिता कुसरे, गहर सिंह मेंहदोले, मनीष तिवारी और संकल्प इंग्लिश मीडियम स्कूल की ट्रस्टी सुश्री आर तिवारी की उपस्थिति में नवांकुर सखी का तिलक वंदन करते हुए स्वागत किया गया।- साधना सनोडिया द्वारा पर्यावरण पर गीत प्रस्तुत किया गया ।

## सांसद की सामाजिक संगठनों से मुलाकात

**शनिवार को सांसद से मिले कलचुरी कलार समाज और कुशवाहा समाज के सामाजिक बंधु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू ने शनिवार को सांसद कार्यालय में कलचुरी कलार समाज और कुशवाह समाज के सामाजिक बंधु से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक बंधुओं से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सामाजिक बंधुओं ने भी सांसद श्री साहू के समक्ष अपनी बाते रखी। सांसद श्री साहू ने सामाजिक बंधुओं द्वारा रखी गई बातों को गंभीरता से सुनते हुए उस पर उनसे विचार विमर्श किया। सामाजिक बंधुओं से मुलाकात के दौरान सांसद श्री साहू ने कलचुरी कलार समाज और कुशवाहा समाज के सामाजिक बंधुओं से समाज में चली आ रही विभिन्न क्रुतियों पर विचार विमर्श करते हुये उन्हें समाप्त करने के लिए कहा। उन्होंने सामाजिक बंधुओं से अपील की है कि वे समाज की प्रगति के लिए समाज के पिछड़े हुये लोगों को आगे लाने का प्रयास करे और उन्हें शिक्षा एवं संस्कृति से जोडे। इस दौरान उन्होंने कुशवाह समाज के सामाजिक बंधुओं से शहर में उनके सामाजिक भवन के लिए जगह देखने के लिए कहा और जगह का चयन हो जोने के बाद उनके सामुदायिक भवन के लिए उनकी सांसद निधि से 10 लाख रूपये देने की घोषणा की।

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो स्पर्धा के लिए आईटी स्कूल के सात बच्चों का हुआ चयन

**बिछुआ।** विकासखंड स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय से 25 बच्चे आज दिन शनिवार दिनांक 26/07/2025 को भाग लेने के लिए गए थे जिनमें से सात बच्चों ने सफलता हासिल कर अपना , अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया हैं।चयनित बच्चों में आयरा साहू(6वीं), नोबल पवार(7वीं), भावेश पहाड़े (6वीं), दिव्यांश साहू(8वीं), तपन मनमोडे (8वीं), निशांत वर्मा (7वीं), हार्दिक वर्मा (9वीं) शामिल हैं। जिनका आगामी अगस्त माह में जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंदी से मुकाबला होगा। विद्यालय डायरेक्टर सर, प्रिंसिपल मेम एवं समस्त स्टाफ द्वारा बच्चों की सफलता पर हार्दिक बधाई प्रेषित की गई एवं भविष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## गौ ग्रास संग्रहण वाहन का हुआ शुभारंभ

**गौ सेवक परिवार की पहल की हो रही सराहना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार को नगर के विट्ठल रुख्मिणी मंदिर परिसर में गौ सेवक परिवार सौसर के तत्वाधान में सेवा संभाव संस्था के सौजन्य से संचालित नगर के पहले गौ ग्रास संग्रहण वाहन का विधिवत पूजन–अर्चना कर वाहन का शुभारंभ करते हुए नगर भ्रमण किया गया,इस अवसर पर ह.भ.प. मौनी महाराज,विधायक विजय चौरे भाजपा संदीप मोहोड, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा,कांग्रेस नेता सतीश बोढखे, सौसर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे,भूपेंद्र यादव,वैष्णव खंडाईत राहुल लाडसे,विशाल धकाते ,अनमोल आकोटकर निलेश खंडाईत,मुकुल खंडाईत की प्रमुख रूप से उपस्थित थे। आयोजन के दौरानगौ माता के प्रति आस्था,श्रद्धा और विश्वास के अनुरूप गौ सेवा एवं गौ संरक्षण हेतु पहली रोटी गौ माता को कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर वासियों को सेवक को महिलाओं ने उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया, इस पहल के अंतर्गत गौ ग्रास वाहन नगर में घर–घर जाकर गौ माता हेतु रोटियां एवं चारा एकत्रित करेगा जिसके उपरांत गौशाला में रहने वाली गौ माताओं को इसे खिलाया जायेगा।

## ओवर ब्रिज के गढ्ढे की मरम्मत कर रहे समाजसेवी दयानंद



**छिंदवाड़ा।** मेडिकल कालेज के सामने स्थित ओवर ब्रिज से जहॉ एक ओर लोगों को आये दिन हो रहे बाधित यातायात से राहत मिली थी, परंतु अब इसी ओवर ब्रिज में आये दिन बड़े-बड़े गड्ढे हुये निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल खोल रहे हैं । गड्ढे बीचों बीच मुख्य मार्ग में है, इससे आये दिन यहॉ वाहन दुर्घटनायें देखने को मिल रही है, और इस बारिस में गड्ढे भी समझ नहीं आते जिससे कई वाहन चालकों के वाहन इन गड्ढो में फंसते देखे जा सकते हैं । समाजसेवी दयानंद ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में इस स्थान पर हुये गड्ढे भरे थे, जिसकी जानकारी प्रशासन को है, तब भी प्रशासन का इन गड्ढो पर कोई ध्यान नहीं गया जिसे देखते हुये उन्होनें आमजन को दुर्घटना से रोकने हेतु आज पुनः ओवर ब्रिज के इन गड्ढो को भरकर प्रशासन को जता दिया है, कि अब आमजन को ही रोड पर स्वयं गड्ढे भरने आना पड़ेगा । दयानंद ने बताया कि उनका यह क्रम जारी रहेगा, उन्होनें आमजन से भी अपील की है कि सभी इस तरह से अपने-अपने मोहल्लों एवं घरों के सामने मार्ग पर हो रहे गड्ढो को भरें जिससे आये दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके ।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

## सड़क सुधार और दुर्घटना रोकथाम पर लिए गए अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं सड़क सुरक्षा समिति सचिव, नगर निगम कमिश्नर, ट्रैफिक पुलिस, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, एनएचएआई, खाद्य आपूर्ति विभाग, आरटीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले की सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सबसे पहले छिंदवाड़ा-सिवनी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने गड्ढों को लेकर चिंता जताई गई। दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए इन गड्ढों को आगामी 10 दिनों में दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सावरी पुलिस चौकी के पास मुख्य मार्ग तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने मार्ग पर रंबल स्ट्रिप्स और चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में 'राहगीर योजना' तथा 'नगदी रहित उपचार योजना' के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई गई। इस हेतु सार्वजनिक स्थलों पर फ्लेक्स लगाए जाएंगे। वहीं पिछले तीन माह में एक ही स्थल पर बार-बार हो रही दुर्घटनाओं की संयुक्त समीक्षा हेतु संबंधित कार्यपालक दंडाधिकारी, सड़क एजेंसी, ट्रैफिक पुलिस एवं थाना प्रभारी को संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए निर्मल पब्लिक स्कूल, देव होटल (खजरी फ्लाईओवर), खूनझिर जंक्शन, इमलीखेड़ा, कलेक्ट्रेट चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर स्पीड रंबल स्ट्रिप बनाए जाएंगे। इसके साथ ही आगामी बैठकों में संख्यात्मक चलानी कार्रवाई की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने को कहा गया है। आवारा पशुओं की समस्या पर भी बैठक में गंभीरता दिखाई गई। उनके सींगों में रेडियम टेप लगाने एवं निकटतम गौशालाओं में उन्हें भेजने की सतत कार्रवाई संबंधित निकाय/जनपद द्वारा की जाएगी। पशुपालन विभाग द्वारा गौशालाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। यातायात नियंत्रण हेतु जेल तिराहा, सत्कार तिराहा एवं यातायात चौक पर पुराने ट्रैफिक सिग्नल हटाकर नगर निगम द्वारा एक माह के भीतर नए सिग्नल लगाए जाएंगे। वहीं सभी प्रमुख सड़कों से जुड़ने वाले मार्गों पर चेतावनी बोर्ड और स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की योजना तैयार कर निर्माण एजेंसियों को कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पेंच क्षेत्र की कव्वाली टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , बैंजो में विशाल प्रथम

# वेकोली के सांस्कृतिक मिलन समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वेकोलि में अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक मिलन समारोह 2025 - 26 का आयोजन दिनांक 23 जुलाई से 25 जुलाई तक किया गया । जिसमे वेकोलि के 10 क्षेत्रों की सांस्कृतिक टीमों से 275 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी विधाओं का परिचय दिया । इस सांस्कृतिक मिलन समारोह में पेंच क्षेत्र के कलाकारों ने महाप्रबंधक अनूप हंजूरा के निर्देशन में अपनी कला का हुनर दिखाते हुए उपविजेता की ट्राफी अपने नाम की । पेंच क्षेत्र की कव्वाली टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , बैंजो में विशाल प्रथम , बांसुरी में दिलीप पंद्राम, मणिपुरी नृत्य में मेघा गर्ग प्रथम, ख्याल और ठुमरी में रामस्वरूप पवार ,तबला और गजल में योगेश साहू प्रथम , रवींद्र संगीत में मानस दास प्रथम ,गीत में




रघुनंदन शर्मा प्रथम, भारत नाट्यम में डाक्टर राशि शर्मा द्वितीय, लोकगीत में दुर्गा कश्यप ,नजरुल गीत में रवि जैन द्वितीय, माउथआर्गन में गोपाल राजपूत द्वितीय, फिल्मी गीत में विनोद मंडलोई तृतीय, सेक्सोफोन में अनूप तायवाड़े कत्थक में हेमलता कोचे ने तृतीय ,ऑर्केस्ट्रा पेंच तृतीय ने स्थान प्राप्त कर पेंच क्षेत्र को गौरांवित किया । दिनांक 25 जुलाई 2025 को मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में वेकोलि द्वारा आयोजित अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक मिलन समारोह 2025 - 26 का समापन एवं पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जे.पी. द्विवेदी , अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक , WCL तथा विशिष्ट अतिथि गण निदेशक तकनीकी ' (संचालन) अनिल कुमार सिंह , निदेशक (वित्त) बिक्रम घोष , निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.) आनंदजी प्रसाद , निदेशक (मानव संसाधन) डा. हेमंत शरद पांडे , निदेशक (एच.आर.) तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय मधुकर म्हेत्रे सर की उपस्थिति में विजयी कलाकारों को पुरुषकार प्रदान किए गए । पेंच क्षेत्र की ओर से एस.के. डेहरिया प्रबंधक (मा. स.) के कुशल नेतृत्व में 28 विधाओं में भाग लेकर पेंच क्षेत्र के कलाकारो ने अपने हुनर का प्रदर्शन कर लगातर दूसरे वर्ष भी उप विजेता का खिताब अपने नाम किया है । इस अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक मिलन समारोह में ओवरआल विनर WCL मुख्यालय तथा रनर-अप पेंच क्षेत्र की टीम रही । समारोह में संचालन समिति तथा कल्याण मंडल के सदस्यों की विशेषए उपस्थिति रही । अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी ।

## एसडीएम परासिया ने ली संकुल प्राचार्यों की बैठक



**परासिया।** विकासखंड परासिया के सभी संकुल प्राचार्य की आवश्यक समीक्षा बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया पुष्पेंद्र निगम के द्वारा ली गई। बैठक में मुख्य रूप से एक पेड़ मां के नाम, शत प्रतिशत नामांकन, पुस्तक वितरण,गणवेश वितरण, छात्रवृत्ति स्वीकृत, जर्जर भवन में शाला ना लगाने, शाला में विलंब से आने वाले शिक्षकों की वेतन काटने सहित समुचित कार्रवाई के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री राम धुर्वे, संकुल प्राचार्य रघुवीर राय, संजय सोनारे, स्वर्णलता सिंह सहित विकासखंड के प्राचार्य ने अपनी उपस्थिति दी।

## कारगिल दिवस के अवसर पर शहीदों को किया गया नमन




**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की एन सी सी इकाई द्वारा 24 एमपी बटालियन के कर्नल थॉमस ओमान के आदेशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके टांडेकर के निर्देशानुसार कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्र के शहीदों को नमन किया गया एवं मौन धारण कर कैंडल मार्च किया गया। एनसीसी के कैडेट गौरव, ओम , महिमा एवं सोनाली द्वारा कारगिल विजय दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किया गए। कार्यक्रम के दौरान डॉ रश्मि नागवंशी एवं डॉ संगीता वाशिंगटन द्वारा कैडेट को अधिक से अधिक सैन्य सेवा में जाने हेतु प्रेरित किया गया। प्रो आर के चंदेल द्वारा 1999 में कारगिल में भारत ने कैसे विजय प्राप्त की कैडेट को जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ ताडेकर द्वारा छात्रों को हमेशा राष्ट्रहित में तैयार रहने के लिए प्रेरित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट मो आबिद, डॉ एस के शेडे, डॉ रीना मेश्राम, डॉ गुंजा माहोरे, प्रो प्रवीण बोबडे, डॉ राहुल भारती उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीसी कैडेटों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए और गीत गाए।

## कहीं निशुल्क, कहीं शुल्क देकर ट्रैनिंग ले रहे पॉलिटेक्निक के छात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

खिरसाडोह पॉलिटेक्निक के छात्र इन दोनों कालेज में कक्षाएं अटेंड करने के साथ - साथ ट्रैनिंग भी ले रहें हैं । यह ट्रैनिंग उनके पढ़ाई का एक अनिवार्य हिस्सा । जिसके लिए छात्रों को कहीं शुल्क देकर तो कहीं निशुल्क प्रशिक्षण लेना पड़ रहा है ।कालेज में पदस्थ ट्रैनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर लीलेन्द्र वासनिक ने बताया , कि डिप्लोमा एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्ष 2021 के AICTE इंडस्ट्री की स्कीम चल रही है । जिसके अनुसार छात्रों को इंडस्ट्री का एक्सपोज़र मिले इस कारण दूसरे सेमेस्टर के बाद 3 से 4 और चौथ सेमेस्टर के बाद 4 से 6 सप्ताह की इंटरशिप आवश्यक है । इसी उद्देश्य से पॉलिटेक्निक खिरसाडोह छात्र - छात्राएं अपनी की 10:30 AM से 5 बजे तक कक्षाओं के साथ सुबह - शाम पूर्ण कम्पूटर सेंटर छिंदवाड़ा और प्रोफेशन केड सोलुशन खिरसाडोह में , सिविल एवं मैकेनिकल के छात्रों ट्रेनिंग ले रहें । चूँकि ट्रेनिंग सेंटर प्राइवेट हैं इसलिए छात्रों को यहां शुल्क देना पड़ा है । जो छात्रों ने सीधे ट्रेनर संस्था में जमा की है । इसके अलावा पॉलिटेक्निक खिरसा डोह में ही सुबह 9:30 बजे से दो घंटे आईटी और कंप्यूटर साइंस के छात्रों को एन आई टी बड़कुही एच एच एच फाउंडेशन बैंगलोर के द्वारा इंटर्नशिप सी लैंग्वेज , पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ ही ए आई एंड मशीन लर्निंग की इंटरशिप चल रही है , जो निशुल्क है । श्री वासनिक ने यह भी बताया , कि सी आई आई छिंदवाड़ा के द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन इंटर्नशिप दी जा रही है । इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्र एन आई आई टी छिंदवाड़ा और इलेक्ट्रिकल के छात्रों को जेनसॉफ्ट भोपाल द्वारा ऑनलाइन इंटरशिप कराई जा रही है । माइनिंग के छात्र पूर्णकालिक रूप से डब्ल्यू सी एल , एन सी एल में इंटरशिप के लिए गए हैं । चूंकि ट्रैनिंग एक्सटर्नल एजेंसी द्वारा दी जा रही है , इसलिए फीस लेना नहीं लेना एजेंसी पर निर्भर करता है . इसमें संस्था के किसी भी कर्मचारी , ब्रांच हेड का कोई लेना देना नहीं है । छात्रों से 800 या 1200 की राशि लिए जाने की बात निराधार है ।

## 110 मरीजों की जांच, अनुसंधान दल कर शोध



**परासिया।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान द्वारा जाति स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान योजना कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम भमोडी में अनुसंधान किया जा रहा है इसी कड़ी में शनिवार को आंगनवाड़ी केंद्र 2 भमोडी में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें आयुर्वेद पद्धति से मरीजो की जांच उपचार कर निःशुल्क दवाईया प्रदान की गई।अनुसंधान दल में शामिल सीनियर रिसर्च फेलो डॉ शशांक सिंह, डॉक्टर सुरेखा विश्वकर्मा, डॉ नीतू चौधरी, फार्मासिस्ट एवं मल्टी टास्किंग अटेंडेंट ने मरीजो का उपचार किया। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि अनुसंधान दल द्वारा ग्राम भमोडी में स्वदेशी जाती आहार परंपराओं का प्रलेखन, रीति रिवाज में उपयोग किए जाने वाले पौधे, धातु, खनिज, पशु उत्पादन का दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। गांव में चार चिकित्सा शिविर लगाकर चिकित्सीय जांच परीक्षण कर निशुल्क दवाएं वितरित की जाएगी तथा ग्रामवासियों तथा समूह में चर्चा कर स्वास्थ्य संबंधित अन्य जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया गया। गौरतलब है कि इसी वर्ष 26 अप्रैल को ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट एम्स भोपाल की रिसर्च टीम ने ग्राम में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं का जायजा लिया था तथा डीएफएस के प्रावधान का प्रभाव मूल्यांकन का रिसर्च किया था। उस समय भी एम्स की टीम ने ग्राम भमोडी में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की प्रशंसा की थी।

## आंगनबाड़ी में हुआ नशा मुक्ति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वार्ड क्रमांक 12 की आंगनवाड़ी केंद्र परासिया में नशा मुक्ति अभियान के तहत आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया ।नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 12 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा आशा कार्यकर्ताओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया ।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद पवन सूर्यवंशी एवं थाना प्रभारी संजय भलावी उपस्थित रहे ।पार्षद सूर्यवंशी द्वारा उपस्थित महिलाओं को नशे से होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों की गंभीर जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भूमिका समाज को जागरूक करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है और यदि महिलाएं संगठित होकर इस बुराई के खिलाफ खड़ी होंगी तो निश्चित ही समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकता है ।



थाना प्रभारी संजय भलावी ने भी सभी उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया , कि यदि उन्हें अपने क्षेत्र में किसी प्रकार की नशे से जुड़ी गतिविधि की जानकारी मिलती है या कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो वे बिना किसी संकोच के पुलिस या पार्षद से सीधे संपर्क करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई करेगा ।कार्यक्रम के अंत में महिलाओं की समस्याएं भी सुनी गई तथा उन्हें नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और सहयोग करने का आग्रह किया गया। यह कार्यक्रम समाज में जागरूकता लाने की दिशा में एक सराहनीय कदम सिद्ध हुआ ।

## विक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल हट्टा में किया गया पौधारोपण

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज हट्टा।

स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए विक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत बच्चों से वृक्षारोपण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने फलदार और छायादार पौधे लगाए। दरअसल, लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए पीएम मोदी ने ₹मन की बात₹ कार्यक्रम के दौरान लोगों से ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान से जुड़ कर एक-एक पेड़ लगाने की अपील की थी। विक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल हट्टा,के प्राचार्य ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भी वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा यह कार्यक्रम सभी बच्चे और स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रयास से संभव हो सका। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों को अपनी मां के नाम पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही लगाए गए पौधे की सुरक्षा के लिए सजग रहने की हिदायत दी गई। विक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल परिवार की ओर से सभी को पेड़ लगाने की अपील की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के संस्थापक सुरेश कसार एवं अजय शुक्ला स्कूल प्रचार्य अशोक कसार, ग्राम के सरपंच उमेश सोनेकर, उप सरपंच विरेन्द्र बिसेन एवं स्कूल के स्टाफ़ श्रीमति हेमलाता बेदरे मेडम, श्रीमति



निलिमा कश्यप, श्रीमति ममता बर्वे एवं पटले मेडम राहगंडाले मेंडम एवं अन्य उपस्थित रहे।

## शिक्षा को बढ़ाने के लिए शासन ने करोड़ों रुपये का किया हैं आवंटन- राव उदय प्रताप सिंह

# ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सकारात्मक वातावरण में मिलेगा अध्ययन का लाभः पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खापा में विसाग बायो फ्यूल प्रा लि द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला गोंडीटोला सहित तीन आंगनवाड़ी केंद्रों का प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के हस्ते लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल, कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य लोहमर्ष बिसेन, कलेक्टर मृणाल मीणा, एस पी आदित्य मिश्रा आदि उपस्थित रहे। स्कूल भवन के लोकार्पण के बाद अतिथियों द्वारा खापा ऐथेनाल प्लांट में वृहद पौधारोपण भी किया।



**शिक्षा के लिए करोड़ों रुपये का किया आवंटनः** इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर ना जाने पड़े, इसके लिए प्रदेश की वर्तमान सरकार प्रयासरत हैं। इसी को ध्यान मे रखते हुए प्रदेश सरकार ने अकेले शिक्षा विभाग को करोड़ो रूपये का बजट उपलब्ध करवाया हैं।

**नवीन भवन विद्यार्थियों की पढ़ाई में निभायेगा अहम भूमिकाः** उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के बेहतर भविष्य के शिल्पकार हमारे शिक्षक हैं। बच्चों की शिक्षा के लिए बनाया गया यह भवन बहुत ही सुंदर हैं, नवीन स्कूल भवन का निर्माण होने से विद्यार्थियों को एक स्थिर और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिल रही हैं। यह बनाया गया नवीन स्कूल भवन विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई में अहम भूमिका निभाएगा।

**प्रदेश सरकार के सहयोग से वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र शिक्षा की ओर हो रहा अग्रसरः** विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि विधायक बनने के बाद सबसे पहले मैंने शिक्षा और चिकित्सा की ओर ज्यादा ध्यान दिया। बच्चे कैसे शिक्षित बने? हमने इस ओर सबसे ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। वहीं डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे शासकीय चिकित्सालयों में नये चिकित्सकों को लाने का प्रयास भी किया। आज प्रदेश और क्षेत्र में नशा बढ़ रहा हैं, जो कि अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक गंभीर विषय है। उन्होंने सभी से मिलकर नशे के खिलाफ एक अभियान चलाने का आग्रह भी किया।

**मुख्यमंत्री और मंत्रियों के आशीर्वाद से मिल रहे बड़े बड़े कामः** उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के आशीर्वाद से हमारे वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र को बड़े-बड़े कामों की स्वीकृति मिल रही हैं। हाल ही में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा वारासिवनी में नवीन जनपद पंचायत भवन बनवाने 5 करोड़ 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृति प्रदान की गई हैं, जिसका निर्माण कार्य भी बहुत जल्द प्रारंभ हो जायेगा।

## बीईओ कार्यालय में हुई परामर्शदात्री की बैठक



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जिला कलेक्टर मृणाल मीणा और जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले शासकीय कर्मचारियों की समस्या के निराकरण के लिए परामर्शदात्री बैठक का आयोजन शनिवार 26 जुलाई को बीईओ कार्यालय में किया गया. बैठक की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी सी.एस.कुसराम ने की. परामर्शदात्री की बैठक में मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस कर्मचारी संघ अध्यक्ष विजय शर्मा, लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष वाय.एस.ठाकुर, म.प्र. शिक्षक संघ अध्यक्ष टिकमचंद सहारे, लघु वेतन कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रमोद कावरे, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ अध्यक्ष विष्णु प्रसाद भालाधरे, राज्य अध्यापक संघ अध्यक्ष बालकृष्ण बिसेन, म.प्र.कर्मचारी कांग्रेस अध्यक्ष लूनकरण राणा और समस्त शासकीय हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के आमंत्रित प्राचार्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. बैठक में विभिन्न संघ के पदाधिकारियों द्वारा उठाये गए बिन्दुओं और समस्याओं का निराकरण तय समय में किये जाने का भरोसा विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने दिया है. मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस कर्मचारी संघ अध्यक्ष विजय शर्मा ने बैठक की समाप्ति पर जिला कलेक्टर और डीईओ का आभार व्यक्त किया जिन्होंने कर्मचारियों को समस्याओं को जानने के लिए परामर्शदात्री की बैठक का आयोजन कराने के निर्देश दिए थे।

## 02 अगस्त को कटंगी में होगा निरंकारी संत समागम



**कटंगी।** आगामी 02 अगस्त को कटंगी शहर के सिवनी रोड़ स्थित कृषि उपज मंडी में जिला स्तरीय निरंकारी संत समागम का आयोजन होना है. पहले यह आयोजन 30 जुलाई को खजरी में होना था. मौसम में बदलाव को देखते हुए स्थान और तिथि में संशोधन किया गया है. जोनल इंचार्ज नवनीत नागपाल और क्षेत्रीय संचालक हरीश ने शनिवार 26 जुलाई की शाम साढ़े 05 बजे उमरी स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि समागम में करीब 10 हजार की संख्या में सेवकों के आने का अनुमान है. नवनीत नागपाल ने बताया कि संत निरंकारी संस्था के स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे है. समागम में निरंकारी राजपिता रमित जी पहुंच रहे है. इस समागम में जीवन के उद्देश्य, आध्यात्म के बारे में बताया जाएगा।

## प्रगतिशील सहायक प्राध्यापक कल्याण संघ भोपाल ने उच्च शिक्षा मंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री को समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



प्रगतिशील सहायक प्राध्यापक कल्याण संघ भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश वास्कले के नेतृत्व में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं नगरीय विकास, आवास और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का इंदौर में स्वागत सम्मान किया गया और दूसरी और बड़वाह विधायक सचिन बिरला को कमलेश कोचले के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

इस आशय की जानकारी देते हुए संघ के सदस्य डॉ. राकेश चौरे ने बताया कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ पिछले वर्ष गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इंदौर के अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय में किया गया था। पीएमसीओई के तहत मध्यप्रदेश के 55 एवं 13 स्वशासी महाविद्यालयों में साक्षात्कार के आधार पर 616 सहायक प्राध्यापकों का 7 माह पहले डिप्लॉयमेंट करने हेतु मंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट से पारित एक महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जिससे प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ शोध करने की सुविधा का लाभ मिले। जिसे 2047 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा आत्म निर्भर भारत के सपने को पूरा करने के उद्देश्य से भी लागू किया गया है। मुलाकात के दौरान मंत्री जी को विभिन्न समस्याएं जैसे सैलरी पुराने महाविद्यालय से निकल रही है, स्थानांतरण के दौरान कुछ साथियों की सैलरी रुक गई हैं, बच्चों के प्रवेश करा दिए, स्वास्थ एवं पारिवारिक समस्याएं, मानसिक तनाव आदि समस्याओं से अवगत कराया गया।

मंत्री श्री परमार द्वारा आश्वासन दिया गया कि आप अपने महाविद्यालय में मन लगाकर काम करते रहे, हम जल्द ही आपके पदांकन का आदेश जारी कर वाले है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा भी विषय को गंभीरता से सुना एवं सक्षम अधिकारी से शीघ्र कार्यवाही हेतु चर्चा की।

इस कार्यक्रम में इंदौर संभाग से संघ के पदाधिकारी डॉ जितेंद्र सोलंकी, डॉ मनोहर सोलंकी, डॉ रूपेश एवं बालाघाट जिले से डॉ राकेश चौरे, विजय यादव समस्त मातृत्व शक्ति एवं अन्य सदस्य प्राध्यापक साथी उपस्थित रहे।

## भारतीय स्टेट बैंक कोचेवाही ने 2 महिला समूहों को बॉटा 9 लाख का ऋण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी के अन्तर्गत ग्राम कोचवाही में स्थित भारतीय स्टेट बैंक द्वारा महिलाओंको आर्थिक रुप से उत्थान हेतु स्वयं का व्यवसाय करने स्वसहायता समूह का गठन करवा कर अनेंकों समूहों की महिलाओं को ऋण वितरण किया जा रहा हैं।

इसी कड़ी में बैंक द्वारा जय बजरंग आजीविका स्वसहायता समूह नांदगॉव की महिलाओं को 6 लाख रुपये एवं अन्नपूर्णा आजीविका स्वसहायता समूह शेरपार की महिलाओं को 3 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक इन्देश कुमार नाग द्वारा ऋण का वितरण किया गया। शाखा के केशियर गोविंद टेंभरे द्वारा समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के द्वारा बीमा करवाने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर शाखा के रुपरतन लिल्हारे, भूमेश रोकड़े एवं रोहित कटरे भी उपस्थित रहे।

# जर्जर भवन में संचालित स्कूली छात्रों का भविष्य खतरे में...







**सोनखार ( प्रदीप)**। सिवनी जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत केवलारी के अंतिम सीमावर्ती क्षेत्र पां. छपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत नसीपुर के ग्राम कुनबी टोला में शासकीय माध्यमिक शाला जहां पर 70 छात्र छात्राएं विद्या अर्जन कर रहे हैं, यहां पर आधा दर्जन शिक्षकों की पद स्थापना भी है, लेकिन गंभीर विडंबना यह है, कि तस्वीरों में स्पष्ट नजर आ रहा है, कि किस प्रकार बल्लियों के सहारे से स्कूल की छत को सहारा दिया गया है. मानते हैं बरसात का दौर अनवरत जारी है, लेकिन क्या शिक्षा विभाग के पास में इतना भी फंड नहीं है,कि हमारे भवनों को हम समय रहते रिपेयरिंग कर ले, इस क्षेत्र की विडंबना कहे या दुराचार स्वर्गीय ठाकुर हरवंस सिंह त्रि विभागिय मंत्री के लाडले सुपुत्र विधायक ठाकुर रजनीश सिंह जी यहां विधायक पद का नेतृत्व कर रहे हैं. उनकी विधानसभा अंतर्गत कोई यह पहला स्कूल नहीं है, जहां पर जर्जर भवन में विद्यालय संचालित हो रहा है. क्या उनकी विधायकी केवल चबूतरा और सभा मंच तक ही सीमित है.

### जीर्ण शीर्ण अवस्था में पुल और पुलिया...

एक तरफ बारिश का कहर जोरों पर है, नदी नाले उफान पर हैं, पांडिया छपारा से नाई टोला मार्ग पर एक पुलिया जो जरा सी बरसात का सामना नहीं कर पाती, उगली क्षेत्रांतर्गत बात किया जाए तो बावली,सारसडोल, गोरखपुर हर जगह पुलियाओं की स्थिति दयनीय है, खासी परेशानी छात्र-छात्राओं को करना पड़ता है, और ग्रामीणों को भी अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए उगली मुख्यालय का रुख करना पड़ता है,लेकिन जरा सी बारिश आने पर यह नाले बाण ग्रसित हो जाते हैं, खरपड़यि से घूरवाड़ा मार्ग पर बरगुर नाले पर निर्मित पुल भी जीर्ण शीर्ण अवस्था में अपनी व्यथा का बखान कर रहा है,क्या इनके कर्मठ कार्यकर्ताओं का इस और कोई रुख नहीं है, जबकि जनपद पंचायत केवलारी के जिम्मेदार जनपद उपाध्यक्ष का कार्यक्षेत्र भी यह जो नसीपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है,जहां से यह जनपद सदस्य हैं.

### क्षेत्र के स्कूल सड़क पुलियां जर्जर अवस्थाओं में है, इस और इनका ध्यान बिल्कुल भी नहीं है जाता.

कुनबी टोला के संबंधित प्रधान पाठक ने गत दिवस ग्राम के पालक शिक्षक संघ जिम्मेदार नागरिकों की उपस्थिति में एक अवलोकन टिप बनाते हुए इसकी प्रतिलिपि संकुल प्रभारी जन शिक्षक बीआरसी और जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया है, क्या समाचार प्रकाशन के बाद संवेदनशील कलेक्टर इस और ध्यान आकर्षित करेंगी या ऐसे ही जर्जर स्कूल में विद्यार्जन करते हुए छात्रों के ऊपर कोई दुर्घटना यदि हो जाती है, तो इसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा. अभि गत दिवस राजस्थान के एक स्कूल की इमारत ढहने से लगभग सात छात्रों की दबने से मौत की खबर भी आई है. क्या इन दुर्घटनाओं और अन्य खतरों से प्रशासन नहीं जागेगा।

# नगरीय क्षेत्र में भी पनप रहे डेंगू फैलाने वाले मच्छर, शास्त्री वार्ड में मिल चुका है मरीज

**सिवनी। मौसम में बदलाव और रूक-रूककर हो रही बारिश के कारण डेंगू फैलाने वाले मच्छर पनप रहे हैं। डेंगू के डंक के कारण अब तक मलेरिया विभाग के रिकार्ड के अनुसार सात मरीज सामने आये हैं। वहीं निजी पैथालॉजी लैब में अनेक लोग डेंगू पॉजिटिव मिल रहे हैं। डेंगू के मामले बढने के साथ ही मलेरिया विभाग हरकत में आ गया है।**



जिन स्थानों पर डेंगू पॉजिटिव मरीज अब तक मिले हैं वहां धुआं व दवाओं का छिडक़ाव विभाग ने कराया है। साथ ही लार्वा विनिष्टीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। खाली प्लाटों में भरा पानी, बढ़ रहे मच्छर शहर की अविकसित कॉलोनियों में खाली पड़े प्लाटों में बारिश व घरों से निकलने वाला पानी कई दिनों तक जमा हो रहा है। इसी पानी में डेंगू व मलेरिया जैसी घातक बीमारी फैलाने वाले मच्छर उत्पन्न हो रहे है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी नाली व ड्रेनेज सिस्टम का आभाव है। इससे पानी की निकासी नहीं होने के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र में नगरपालिका और ग्रामीण क्षेत्रों में लार्वा विनिष्टीकरण के लिए मलेरिया विभाग की जिम्मेदारी हैं। दोनों ही विभागों ने कीटनाशक और फॉगिंग मशीन के भरपूर उपयोग का दावा कर रहे हैं। वायरल फीवर के मरीजों की संख्या भी बढ़ी जिला अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार हाल ही में छपारा ब्लॉक में डेंगू का मरीज मिला है। वहीं शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पानी भरने के कारण नगरीय क्षेत्र के शास्त्री वार्ड में भी डेंगू का एक मरीज मिल चुका है। शहर की अधिकांश कॉलोनियों में अधिकांश सडक़ व नालियों में पानी बह रहा है। खुले प्लॉटों में महीनों से पानी का जमाव हो रहा है,जिसमें घातक बीमारी फैलाने वाले मच्छर उत्पन्न हो रहे है। ऐसे में फिर डेंगू व मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ सकती है। अस्पताल में हर दिन शहर व ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में वायरल फीवर से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

# शिव शक्ति दुर्गा महिला मंडल शास्त्री वार्ड ने निकाली कावड़ यात्रा

शिव शक्ति दुर्गा महिला मंडल शास्त्री वार्ड के तत्वाधान में कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया इस आयोजन में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया आज सुबह प्रातः काल की बेला में महिला मंडल के द्वारा बैन गंगा के तट लखनवाड़ा पर जाकर आदि शक्ति मां गंगा मैया का जल भर के पैदल मठ मंदिर पहुंचकर मढ़ सरकार का जलाभिषेक किया गया इस कार्यक्रम में वार्ड की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सभी महिलाएं एक रंग रूप वेशभूषा में उपस्थित होकर गंगा मैया के तट पहुंची और वहां पर स्नान ध्यान पूजा करके अपनी कावर पर जल भरकर बम



भोले के जयकारे को लेकर मठ मंदिर पहुंची जहां पर उन्होंने भगवान शिव का पूजन अर्चन किया वहीं महिलाओं के द्वारा हमें बताया गया कि श्रावण मास में भगवान शिव के जल अभिषेक करने से अनंत फलों की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख समृद्धि लक्ष्मी आती है इन्हीं सभी कामनाओं के साथ आज हमने यह कावड़ यात्रा निकाली।

## खेल मैदान न होने से दम तोड़ रही युवा खेल प्रतिभाएं

# खेल के मैदान को तरस रहे घंसौर क्षेत्र के खिलाड़ी, नशे की चपेट में युवा पीढ़ी

**घंसौर।** सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है,लेकिन घंसौर में खिलाड़ियों के लिए कोई सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं हैं, घंसौर में खेल मैदान तक नहीं है। खेल मैदान के अभाव में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है। फिर भी ग्राम पंचायत घंसौर और शासन प्रशासन द्वारा खेल मैदान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। नगर में खेल गतिविधियों के अभाव और युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को लेकर इस समय सोशल मीडिया में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्मा


फाईल फोटो

रहा है कुछ लोगों का मानना है कि सांदीपनि विद्यालय (सी. एम. राइस स्कूल) के निर्माण के कारण नगर के खेल मैदान का अस्तित्व समाप्त होने से युवा खेल खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल जैसे खेलों से दूर होते जा रहे हैं जिसके दुष्परिणाम स्वरूप युवा आसानी से नशे और मादक पदार्थों की चपेट में आ रहे हैं। एक तरफ सरकार नशा मुक्ति अभियान चला रही है वहीं घंसौर में इस गंभीर समस्या का समाधान आवश्यक हो गया है।
संदीपनी ग्राउंड यह वह भूमि है जहाँ वर्षों से ऋऋषि पंचमी के दिन अखाड़ा भराया जाता रहा है और युवा अपनी कुश्ती कला कौशल का प्रदर्शन करते थे। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और उन्हें खेल से जोड़ने के लिए शासन प्रशासन को घंसौर नगर में एक स्टेडियम बनाने के लिए शीघ्र ही पहल करनी चाहिए जिससे वर्षों से बंद पड़े कुश्ती दंगल को पुनःशुरू किया जा सके यह न केवल हमारी प्राचीन कुश्ती परंपरा को पुनर्जीवित करेगा बल्कि युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में भी सहायक होगा।

# जुआरियों एवं सटोरियों पर कोतवाली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड़ कार्रवाई की जाती रही हैं, एएसपी दीपक मिश्रा एवं सीएसपी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में 24 जुलाई एवं 25 जुलाई 2025 को कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों एवं सटोरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुम्हारी मोहल्ला में बुधबारी तालाब के पास जुआ खेल रहे 06 जुआरियों एवं मंगलीपेठ, दल सागर एवं गंज वार्ड में सट्टा पट्टी लिख रहे सटोरियों को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई कर 10 सटोरियों को घर दबोचा।
उल्लेखनीय है कि दिनांक 24/07/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई है कि कुछ लोग कुम्हारी मोहल्ला बुधबारी तालाब के पास रुपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का खेल रहे जो तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर दबिश देकर 06 जुआरियों को पकड़ा गया जिनसे 52 तांस के पत्ते एवं 1900/-रुपये मिलने पर विधिवत जप्त कर जुआ एक्ट के तहत 01 अपराध पंजीबध्द किया गया एवं आज दिनांक 25/07/2025 को मंगलीपेठ, दल सागर एवं गंज वार्ड में कुछ लोग सट्टा पट्टी लिखकर अवैध रूप से धन अर्जन कर रहे है कि सूचना मिलने पर अलग-अलग टीम गठित कर अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर दबिश देकर रेड़ कार्रवाई की गई। जिसमें 10 सटोरियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। जिनके विरूध्द सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10 अपराध कायम कर विवेचना में लिया।

# 500 श्रद्धालु उठाएंगे महादेव जी की कावड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कहानी कावड़ यात्रा एक प्राचीन हिंदू तीर्थ यात्रा है जिसमें श्रद्धालु प्रेम से कावड़िया कहा जाता है वह गंगाजल लेकर भगवान श्री शिव जी के मंदिरों में अर्पित करने जाते हैं विशेष रूप से सावन मास में यह यात्रा अत्यधिक महत्व रखती है यह परंपरा पौराणिक कथाओं में आध्यात्मिक आस्था से जुड़ी हुई है और आज यह दुनिया की सबसे बड़ी धार्मिक यात्राओं में से एक बन चुकी है यही यात्रा भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है सावन में शिव भक्तों का संकल्प में सफल हर वर्ष सावन मास में जब बारिश की बूंदे धरती को शीतल करती हैं तब लाखों शिव भक्त केसरिया वस्त्र पहनकर कावड़ लेकर निकलते हैं जिनके कंधे पर बस की बनी कावड़ होती है। जिसमें गंगाजल से भरे कलश झूलते हैं यह भक्ति गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों से जल लेकर शिव मंदिरों तक पहुंचाते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं यह पवित्र परंपरा कावड़ यात्रा कहलाती है जिसकी जेड अत्यंत प्राचीन पौराणिक कथाओं में से जुड़ी है। इन दिनों हर तरह कावड़ यात्रा श्रद्धालुओं द्वारा निकल जा रही है इसी कड़ी में प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 28 जुलाई दिन सोमवार को निकल जा रही है कावड़ यात्रा में नगर कहानी के लगभग 50000 दारू शामिल हो रहे हैं बताया गया है कि 28 जुलाई को सुबह 7 बजे सभी कावड़िया स्थली श्री राम मंदिर परिसर में एकत्रित होकर चौपाइयां या दो पहिया वाहनों के माध्यम से बेनगंगा के तट पहुंचेंगे और वहां प्रवाहित मां श्री नर्मदा जी का जल लेकर कहानी के लिए सुबह के लगभग 8 बजे वहां से रवाना होंगे कावड़ यात्रा के लिए नगर कहानी में तैयारियां जोर-जोर से चल रही है।

### मां बैनगंगा जी का उद्गम स्थल मुंडारा से मठ मंदिर कावड़ यात्रा दिनाँक 6 अगस्त को

सिवनी - सावन के महीने मे दिन बुधवार 6 अगस्त को मां बैनगंगा जी का उद्गम स्थल मुंडारा से शिवजी की नगरी सिवनी मठ मंदिर तक कावड़ यात्रा श्रद्धा पूर्वक निकल जाएगी महंत हरि मुकुंद गिरी के सानिध्य में श्रद्धालु सम्मिलित होंगे भगवान भोलेनाथ के सावन शुक्लप्रदोष पर प्रतिवर्ष अनुसार पवित्र मां बैनगंगा के उद्गम, स्थल मुंडारा धाम से शिव भक्तों की अर्पण कावड़ यात्रा दिन बुधवार 6 अगस्त को 11 बजे प्रारंभ होकर कावड़ यात्रा पूर्व निर्धारित मार्गो से गुजरते हुए परतापुर बकोडी बटामा टिकारी मैली बाम्हन देही जनता नगर काली मंदिर के, सामने से होते हुऐ मठ मंदिर सिद्ध पीठ पहुंचेगी यहां स्थापित शिवलिंग को कावड़ यात्री जल कर कावड़ यात्रा का समापन की जाएगी।
कावड़ यात्रा में पूर्व वर्षो के अनुसार जूना अखाड़ा के महंत मोहन गिरी महाराज नागा बाबा एवं महंत हरि मुकुंद गिरी एवं भागवत आचार्य गौतम शास्त्री एवं कथावाचक कन्हैया जी महाराज के साथ श्रद्धालुओं भक्तजन के साथ शामिल रहेंगे कावड़ यात्रा मार्ग वाले स्थान स्थान पर कावड़ियों के लिए श्रद्धालुओं की ओर से फ्ल पेयजल एवं भोजन प्रसाद व्यवस्था की जाएगी सनातनियों एवं धर्म प्रेमियों को कावड़ यात्रा में शामिल होकर, पुन्य लाभ अर्जित करने लिए सादर आमंत्रित है।

# जिले में 685.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 26 जुलाई 25 तक 685.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 26 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 645.4 मि.मी, कुरई में 363.0 मि.मी., बरघाट में 488.4 मि.मी., केवलारी में 868.8 मि.मी., छपारा 754.5 मि.मी, लखनादौन में 608.9 मिमी, धनौरा में 660.4 मिमी एवं घंसौर में 1098.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 5487.4 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 26 जुलाई 2024 तक कुल 5777.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# खेत में फैले करंट की चपेट में आने से दो ग्रामीणों की दर्दनाक मौत

**थाना कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोदाझिरी में खेत में फैले करंट की चपेट में आने से दो ग्रामीणों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान मनोज पिता नारायण पन्द्रे (उम्र 35 वर्ष) और अशोक पिता चीक्खू लाल भलावी (उम्र 36 वर्ष), दोनों निवासी कोदाझिरी, के रूप में हुई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

थाना प्रभारी कृपाल सिंह टेकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना देर रात लगभग 12 बजे की है, जब मनोज अपने खेत में गया था। खेत में किसी कारणवश करंट फैला हुआ था, जिसकी चपेट में मनोज आ गया। उसे बचाने के लिए अशोक (पड़ोसी) भी मौके पर पहुंचा, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर दोनों शव परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सौंप दिए। फिलहाल पुलिस घटना की विस्तृत जांच में जुटी हुई है। गांव में एक साथ दो लोगों की असमय मृत्यु से शोक का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खेतों में करंट जैसे खतरनाक इंतजाम पर रोक लगाने की मांग की है।

# अमृत-हरित महाभियान अंतर्गत नगरवासियों से अधिक वृक्ष लगाने की अपील

**मध्यप्रदेश के नगरीय क्षेत्रों को हरित समृध्द बनाने तथा शहरी पर्यावरण सुधार को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रत्येक नगरीय निकायों में वृहद् स्तर पर पौधरोपण करने के लिये निर्देशित किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इसी तारतम्य में सिवनी नगरपालिका को भी अधिक से अधिक मात्रा में खाली पड़ी हुई जमीन पर पौधारोपण करने का लक्ष्य दिया गया है।
नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि उक्त अमृत हरित महाअभियान में भाग लेकर नगरीय क्षेत्र में वृक्षारोपण कर इस महाभियान को सफल बनाने में नगरपालिका प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही इस महाभियान के लक्ष्य की पूर्ति हेतु नगरीय निकाय अंतर्गत रिक्त शासकीय भूमि, विद्यालय परिसर, एवं जन अभियान परिषद, स्व-सहायता समूह की महिलाओं, एवं अन्य कालोनी वासियों से अपील की जाती है कि आपको सिर्फ स्थान चिन्हित कर बताना है चूंकि वृक्ष लगाने, गड्डा खोदकर देने, एवं पौधा लगाने का कार्य आपकी सहभागिता से आपके बताए गए स्थान पर नगर पालिका द्वारा स्वयं किया जावेगा।

### नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का हुआ शुभारंभ

(लखनादौन) पर्यावरण संरक्षण में मातृशक्ति की सहभागिता बढ़ाने के महत्व पूर्ण भाव को लेकर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुरूप,मप्र जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मप्र शासन भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ बकुल लाड़ के निर्देशानुसार,जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला के मार्गदर्शन में सिवनी जिले के विकासखंड लखनादौन अंतर्गत ग्राम भरदा में सेक्टर की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं जन अभियान परिषद के नेटवर्क द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एवं एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों एवं गणमान्य नागरिको ग्रामीणों को कार्यक्रम की रूपरेखा एवं महत्त्व व आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भरदा के सरपंच,सचिव,शिक्षक गण, पंचायत कर्मी,आशा कार्यकर्ता,आंगनवाड़ी सहायिका,सहित शासकीय अधिकारी कर्मचारी सहित ग्राम की नवांकुर सखी महिलाएं,स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे,हरियाली यात्रा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया,तत्पश्चात महिलाओं द्वारा मंगलकलश हाथों में लेकर ग्राम के सार्वजनिक मंच से जन जागरण यात्रा प्रारंभ कर ग्राम का भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत भवन में समाप्त हुई,कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रत्येक नवांकुर सखी को एक पौधा एवं 10 बीज रोपित थैलियां दी गई जिन्हें वे अंकुरण उपरांत पौधा बनते तक संरक्षित करेंगी एवं तत्पश्चात शासन के निर्देश पर नवांकुर संस्था उसे यथा स्थान रोपित करेंगी,सखियां दी गए पौधे को उचित स्थान पर रोपित करके उसको भाई मान संरक्षित करने का भाव रखेंगी ऐसा प्रण लिया गया है।

# ग्राम झोला में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का प्रभावी आयोजन

**केवलारी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड केवलारी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत झोला में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि नवांकुर सखी समूहों को पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सहभागिता और नारी सशक्तिकरण की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.एन. डेहरिया (प्राचार्य, शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी) रहे, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. संजय मिश्रा (सहायक प्राध्यापक) थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.



अविनाश तिवारी (सामाजिक कार्यकर्ता), डॉ. मनोज टेम्भरे (सहायक प्राध्यापक), श्री धानुलाल चौरसिया (प्रधान पाठक, झोला), श्री रामसहाय चंद्रवंशी (अध्यक्ष, प्रस्फुटन समिति) तथा श्री कृपाराम चंद्रवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामकुमार बसगोटिया (सरपंच, ग्राम पंचायत झोला) ने की।

# गिफ्ट अ डेस्क मुहिम में सहभागिता कर संकल्प महिला सशक्तिकरण समूह ने डुंगरिया शाला में उपलब्ध कराई 10 डेस्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिलें में चलाई जा रही गिफ्ट अ डेस्क मुहिम में बड़ी संख्या में दानदाताओं का सहयोग मिल रहा है। जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तथा गणमान्य नागरिक बढ़-चढ़कर इस मुहिम में सहभागिता कर इसे सफल बना रहे हैं।**

इस मुहिम में संकल्प महिला सशक्तिकरण समूहसहभागिता कर शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला डुंगरिया में 10 डेस्क बेंच उपलब्ध



कराई गई है। इस अवसर पर संकल्प महिला सशक्तिकरण समूह की अध्यक्ष श्रीमती मोनिका नोएल कोषाध्यक्ष श्रीमती मोना सनोडिया एवं समूह की सचिव सुश्री राजेश्वरी डेहरिया उपस्थिति रही।

# समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देश मिशन कर्मयोगी अंतर्गत पुलिस अधिकारियों को अद्यतन विषयों के प्रति कौशल,प्रशिक्षण व दक्ष बनाने के लिए नियंत्रण कक्ष सिवनी में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता की विशेष पहल व कुशल नेतृत्व तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन व न.पु.अ. श्रीमती पूजा पांडेय की गरिमामय उपस्थिति व कर कमलों से व जानकारी से ओतप्रोत संबोधन के साथ कार्यशाला प्रारंभ हुई।कार्यशाला की संयोजक अजाक थाना प्रभारी निरी.अनंती मर्सकोले, महिला थाना प्रभारी निरी. संदीपिका ठाकुर, कोतवाली प्रभारी निरी किशोर वामनकर, डूंडा सिवनी प्रभारी निरी सतीश तिवारी,लखनवाड़ा प्रभारी निरी सी के सिरामे की उपस्थिति रही। प्रथम सत्र में प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों को प्रथम दिवस नव विधान बी.एन.एस.,बी.एन.एस.एस. के आलोक में विवेचना और अनुसंधान को लेकर निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे व सेवा निवृत (डीएसपी) मोहन पटेल साहब ने प्रशिक्षित किया व जानकारी साझा की गई।

# आयुष विंग सिवनी में हुआ स्वर्णप्राशन संस्कार का निःशुल्क शिविर आयोजित

**सिवनी।** जिला आयुष अधिकारी सिवनी डॉ. यशवंत कुमार माथुर ने बताया कि विगत दिवस जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग सिवनी में 131 बच्चों का निशुल्क स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि स्वर्णप्राशन औषधि को पुष्य नक्षत्र पर 0-16 वर्ष की आयु के बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए किया जाता है। आयोजित शिविर में डॉ. निधि खेमुका, सुनील एडे, सीमा धुर्वे,प्रीति अगासे एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रही।

### किशोर कुमार नाइट 4 अगस्त को

**सिवनी।** विश्व संगीत के सुनहरे प्रश्नों पर अपनी अमिट पहचान बनाने वाले विशिष्ट गायन शैली के हरफनमौला अद्वितीय कलाकार एवं मध्य प्रदेश की माटी खंडवा में जन्मे देश के महानतम पार्षद गायक अभिनेता किशोर कुमार गांगुली के 96 जन्म जयंती पर स्मृति लान बाहुबली बारापत्थर में 4 अगस्त शाम 7 बजे से किशोर कुमार नाइट का आयोजन किया गया है।
कार्यक्रम के संयोजक श्री गोविंद अग्रवाल ने बताया कि किशोर कुमार नाइट में स्थानीय व जिले के बाहर से आए गायकों द्वारा किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रसिद्ध चिकित्सक, समाजसेवी व जिंदल हॉस्पिटल के संचालक श्री सुनील अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री किशोर सोनी ज्वेलर्स एवं समाजसेवी करेंगे।

### अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की संयुक्त बैठक आज

**सिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत के राष्ट्रीय छात्र परिषद्,महिला परिषद, ओजस्विनी एवं अन्य सभी आयाम के प्रांत, संभाग एवं महानगर के सभी पदाधिकारियो महाकौशल प्रांत की प्रांत बैठक दिनांक 27 जुलाई को नियत की गई है। उक्त बैठक की जानकारी अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गोलू अनीश उइके ने देते हुए बताया की 6 माह में यह बैठक आहूत की गयी है। जिसमें छह माह में किए गए कार्य की समीक्षा एवम आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई जाएगी।
जिसमें सभी आयाम के पदाधिकारी अपेक्षित है। उक्त बैठक में माननीय प्रदीप गौर संयुक्त केंद्रीय मंत्री, बेटू चंदेल इंडिया हेल्थ लाइन के राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय किसान परिषद् के राष्ट्रीय मंत्री डॉ प्रमोद राय एवं स्वराज सिंह बघेल राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रान्त कार्य कारी अध्यक्ष एवम प्रांतीय पधाधिकारियो का मार्गदर्शन पूरे समय में प्राप्त होगा बैठक स्थल छिंदवाड़ा रोड पैराडाइज लॉन सिवनी होगा।

## खेलों से हमें अनुशासन, धैर्य, आपसी समन्वय एवं ताकत व कौशल के प्रदर्शन का अवसर मिलता है

# प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने किया नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने 26 जुलाई को बालाघाट प्रवास के दौरान जिला फुटबाल एसोसिएशन बालाघाट द्वारा 26 जुलाई से 05 अगस्त 2025 तक आयोजित जुनियर ब्वायज नेशनल फुटबाल चैंपियनशीप बीसी राय ट्रॉफी 2025-26 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गुजरात एवं मध्यप्रदेश की टीमों के बीच होने वाले मैच से पहले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया।





इस अवसर पर मध्यप्रदेश फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष एवं विधायक श्री गौरव पारधी, राजकुमार कर्राहे, श्रीमती अनुभा मुंजारे, मधु भगत, विक्की पटेल, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी, अभय सेठिया, श्रीमती लता एलकर, महेंद्र सुराना, संयोजक तपेश असाटी, सचिव श्री सुनील यादव, गणेश अग्रवाल, आशीष मिश्रा, गोपाल आडवाणी, सत्यनारायण अग्रवाल, किरण भाई त्रिवेदी, मप्र फुटबाल संघ के सचिव श्री अमित रंजन देव, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर बालाघाट जिले को राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता के आयोजन का अवसर मिलने के लिए सराहना करते हुए कहा कि यह बालाघाट जिले के लिए गर्व की बात है। इससे यहॉं के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेलों से हमें अनुशासन, धैर्य, आपसी समन्वय एवं ताकत व कौशल के प्रदर्शन का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 16 टीमों के खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल भावना के साथ अपने ताकत एवं हुनर का प्रदर्शन करे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से ही देश की फुटबाल टीम का चयन होना है अतः सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में चयनित होने के लिए पूरा दमखम लगाकर खेले। राष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर ही किया जाएगा।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने विधायक श्री गौरव पारधी एवं आयोजन समिति के सदस्यों को इस बड़े आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में पुलिस बैण्ड द्वारा अच्छी प्रस्तुति दी गई है। इससे पुलिस जवानों की प्रतिभा को सामने आने का अवसर मिला है और यह अवसर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार खेलों को प्रोत्साहन दे रही है और इसके लिए सुविधाएॅं भी उपलब्ध करा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिल रहा है।

विधायक श्री गौरव पारधी ने इस अवसर पर बताया कि यह प्रतियोगिता 26 जुलाई से 05 अगस्त 2025 तक चलेगी और 05 अगस्त को इसका फाईनल मैच होगा। 16 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों की इस राष्ट्रीय स्तर की फुटबाल प्रतियोगिता में हरियाणा, आसाम, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, बिहार, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, अण्डमान निकोबार, आंध्रप्रदेश, पाण्डिचेरी, मध्यप्रदेश एवं गुजरात की टीम भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता के आधार पर ही देश की जूनियर फुटबाल टीम का चयन किया जाना है।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालाघाट का आकाशवाणी के माध्यम युवाओं को संदेश

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण द्वारा आकाशवाणी केन्द्र के माध्यम से विधि के क्षेत्र में कैरियर के सही विकल्प एवं तैयारियों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया, साथ ही कानूनन प्रावधानों एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि विधि का क्षेत्र बहुत विस्तृत है आज के समय में चाहे शासकीय क्षेत्र हो या निजी क्षेत्र हो, विधि के छात्रों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध है, श्री प्राण ने यह भी कहा कि विधिक जागरूकता के साथ ही सामाजिक जागरूकता की भी आश्यकता है। हमें लोगों को नशे के खिलाफ भी जागरूक करने तथा अंधविश्वास जादू-टोना जैसी कुप्रथाओं के विरूद्ध भी आमजन को जागरूक करने की आश्यकता है। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से श्री प्राण ने वर्तमान परिदृश्य में युवाओं के लिए कहा कि उन्हें अपराध से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के संबंध में बनाये गये कानून की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में कठोर कानून बनाये गये है जिसके प्रभाव के चलते समाज में आज महिलाएॅं निःसंकोच व निडर होकर प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है। बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत कठोर प्रावधान बनाये गये है। श्री प्राणेश कुमार प्राण ने युवाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि युवाओं को अपने कैरियर के लिए निरंतर अध्ययनरत रहते हुए अपनी तैयारियों के प्रति जनून होना चाहिए ताकि पढ़ाई बोझ न होकर रूचिकर लगेगी जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते है।

कार्यक्रम के अंत में आकाशवाणी केन्द्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, आकाशवाणी बालाघाट के कार्यक्रम प्रमुख विक्रम सिंह एवं आकाशवाणी केन्द्र से कम्पेयर श्रीमती दिनेष्वरी राणा एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहें।

### मजदूर हुए मजबूर, आप बीती सुनाई मीडिया को

## 5 महीने से नहीं मिला मजदूरों को काम का भुगतान

**मामला वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत कंजई डंप डिपो मे मजदूरी भुगतान का**



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत डंप डिपो कंजई में मार्च से जुलाई तक मजदूरों द्वारा बांस बंडल बंधवाई कार्य एवं लकड़ी के चट्टे जमाने का कार्य किया गया लेकिन मजदूरों को आज तक उनके द्वारा किए गए कार्य का भुगतान नहीं किया गया है। 5 महीने से मजदूरों परेशान दिखाई दे रहे हैं बारिश शुरू है ऐसे में मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। रोजाना मजदूरी करके अपना जीवन यापन करने वाले मजदूर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अघहन सिंह परते ने बताया कि मार्च महीने से हम सभी मजदूर द्वारा वन विकास निगम कंजई के डंप डिपो में कार्य किया गया जिसमें मजदुरी का भुगतान आज तक नहीं मिला है। अनेको मर्तबा वन विभाग के अधिकारियों से बोला गया लेकिन वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मजदूरों ने जिले में बैठे वन विकास निगम के आला अधिकारियों से भुगतान जल्द करने की मांग की है जिससे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी चल सके..?

### नवांकुर सखियों का आह्वान पर्यावरण संरक्षण को बनाएं जन अभियान

## माना में किया गया हरियाली कलश यात्रा का आयोजन

### रैली निकाल नवांकुर सखियों को दिए पौधे, कराई शपथ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने 25 जुलाई को 'नवांकुर योजना' के अंतर्गत पंजीकृत नवांकुर सखी के माध्यम से 'नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड बैहर सेक्टर क्रमांक 04 गढ़ी की ग्राम पंचायत माना व भंडेरी में नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले ने सक्रिय सहभागिता की।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम माना व भंडेरी में महिलाओं के एकत्रीकरण के साथ हुई। इसके उपरांत कलश यात्रा के रूप में पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश पूजन से किया गया, इसके बाद संरक्षण की शपथ के साथ महिलाओं को पौधे प्रदान किए गए।अतिथियों द्वारा उदबोधन में कहा गया कि ₹पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है।₹ उन्होंने अपील की कि महिलाएं अपने घरों में पौधे तैयार करें और उन्हें बच्चों के जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगाँठ पर लगाएं।विकासखंड समन्वयक महेश पटले ने जन अभियान परिषद के कार्यों को विस्तार से रखा। उन्होंने बच्चों की शिक्षा और ग्राम को ₹नशा मुक्त एवं हरा-भरा₹ बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, ₹हम पेड़ों की देखभाल उसी तरह करें जैसे अपने बच्चों की करते हैं।₹कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के श्री अमित पाटिल श्री राजेन्द्र बिसेन परामर्शदाता श्री शिवनाथ यादव श्री मति ज्योती बिसेन श्री सुरेश यादव द्वारा 'नवांकुर सखी' एवं 'हरियाली यात्रा' कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को बीज रोपित थैलियां वितरित की जा रही हैं, जिनमें बीजों का संरक्षण कर पौधे तैयार किए जाएंगे और उन्हें विशेष अवसरों पर रोपित किया जाएगा।

### भाण्डामुर्री में सोसाइटी के गोदाम तक सीमेंट कांक्रीट सड़क बनाने की उठ रही मांग

## गरीबों और किसानों को राशन और खाद लेने हो रही परेशानी

### ग्रामीणों ने विधायक अनुभा मुंजारे को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



विकासखंड लालबर्रा अंतर्गत ग्रामभाण्डामुर्री मे विगत 10 वर्षो से सेवा सहकारी समिति कंजई पं. क्र. 669 अंतर्गत गोदाम बना हुआ है परंतु राशन खाद और अन्य चीज स्टॉक करने के लिए भारी वाहन जाने में काफी दिक्कत होती है सड़क ठीक नहीं होने की वजह से किसान गरीब मजदूर को सामग्री लेने 3 किलोमीटर दूर कंजई जाना पड़ता है मार्ग कच्चा और गड्ढे से भरमार होने की वजह से बारिश के इन दिनों में लोडेड वाहनों को नहीं ले जाया जा सकता इससे रासायनिक खाद के लिए किसानों को भारी परेशानी होती है बताया जा रहा है कि पक्का कंक्रीट सड़क बन जाए तो धान खरीदी का उपकेंद्र भी बनाया जा सकता है जिसमें किसानों को सुविधा होगी। जन हितेषी मुद्दों को हमेशा प्रमुखता से पटल पर रखने कंजई सरपंच एडवोकेट आनंद बिसेन के सहयोग से भांडामुर्री के घनश्याम बिसेन पूर्व सरपंच, बुदसिंह पारधी, व अन्य ग्रामीण बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे से भेंट कर उन्हें किसानो और राशन कार्ड धारी हो रही गंभीर समस्या से अवगत कराया गया और आवेदन दिया गया और मांग की गई कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम भाण्डामुर्री के ट्रांसफार्मर चौक से गोदाम तक 600 मी कंक्रीट सड़क के निर्माण के लिए विधायक महोदय अपनी निधि से उक्त निर्माण कार्य का तोहफा ग्राम वासियों को दे। गोदाम तक सड़क का निर्माण होने से किसानो और राशन कार्डधारीयों को राहत मिलेगी अनेको ग्राम वासियों ने लोकप्रिय विधायक अनुभा मुंजारे को सड़क बनाने हेतु हस्ताक्षर युक्त आवेदन भेंट कर सौंपा गया है। और मांग की गई है कि जल्द से जल्द गोदाम पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए विधायक महोदय अपनी मंजूरी दे।

### बदहाल सड़क से चलना हुआ दूभर, ग्रामवासियों की सड़क बनाने की मांग

## टेकाडीघाट बस स्टैंड से मोहगांव पहुंच मार्ग जर्जर

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी कटंगी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टेकाडी सुकडीघाट बस स्टैंड से मोहगांव( नांदी) कच्ची सड़क बदहाल हो गई है। जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है ।आमजनो का जर्जर मार्ग से चलना हुआ दूभर। ग्रामवासियो ने की सड़क बनाने की मांग। ग्रामवासियो ने बताया की यह सड़क टेकाडीघाट बस स्टैंड से सुकडीघाट होते हुए मोहगांव पहुंच मार्ग है जो करीब चार किलोमीटर लम्बा है जो लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है। यह सड़क क्षतिग्रस्त व बदहाल हो गई है । जिसके कारण आवाजाही प्रभावित होती है ।मार्ग से चलना मुश्किल सा हो गया है, जगह जगह सड़क सफेद गिट्टी उखड कर गड्डे बन गए है, और कीचड हो गया है। लम्बे समय से ग्रामीणो के द्वारा सड़क बनाने की मांग की जा रही है बावजूद सड़क विभाग सहित जन प्रतिनिधी के द्वारा गंभीरतापूर्वक ध्यान नही दिया जा रहा है । जिसका खामियाजा ग्रामवासियो को उठाना होता है । ग्रामीणो ने बताया की क्षतिग्रस्त व जर्जर कच्ची सड़क से आने जाने में परेशानी होती है ,यह मार्ग सीधा कटंगी की ओर जाता है। आये दिन मार्ग से ग्रामवासी कामकाज के सिलसिले अपना सफर तय करते है।साथ ही ग्रामवासी कृषक इस मार्ग से खेतो की ओर भी जाते है।लेकिन सड़क क्षतिग्रस्त व जर्जर होने से आवाजाही में काफी दिक्कत होती है। ग्रामवासियो की सुहलित के लिए सड़क बनाने की आवश्यकता है। ग्रामीणो ने की सड़क बनाने की मांग की ।

## वन अधिकार पट्टा एवं स्थाई जाति प्रमाण पत्र के संबंध मे जनपत पंचायत लांजी में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी।



पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देशन मे वन अधिकार पट्टा बनवाने जाने हेतु कुल 146 एकल सुविधा केन्द्र चलाये जा रहे है। जिसके तहत श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लाँजी ओमप्रकाश, श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लाँजी कमलचंद सिहसार, उपवनमंडलाधिकारी राकेश अडकने, की उपस्थिती मे अनुभाग लाँजी मे वन अधिकार पट्टा एवं स्थाई जाति प्रमाण पत्र के संबंध मे जनपत पंचायत लांजी मे पुलिस विभाग, राजस्व विभाग एवं वनविभाग की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया उक्त बैठक मे पुलिस विभाग के अनुभाग लांजी के समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी , वन विभाग के अधिकारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित हुये बैठक में उक्त विभाग के अधिकारियों को वन अधिकार पट्टा एवं स्थाई जाति प्रमाण पत्र के संबंध मे अवगत कराया गया एवं आगामी समय मे जल्द से जल्द अभियान को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक जनपद पंचायत के सभागृह में बैठक रखी गई। बैठक में वन विभाग का अमला, लांजी थाना के सभी अधिकारी कर्मचारी तथा एसडीएम कमल चंद सिंह सार, वन विभाग एसडीओ राकेश कुमार अडकणे, जनपद पंचायत सीईओ रामगोपाल यादव, लांजी एसडीओपी ओम प्रकाश मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पौधारोपण कर देखभाल करने का लिया संकल्प, पर्यावरण संरक्षण की प्रति किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खैरलांजी जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम जामखारी में शनिवार को सेवानिवृत्त हुए वन विभाग के पूर्व पदाधिकारी डी.आर. पटले के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान ग्राम के मोक्षधाम में शिव मंदिर के पास विविध प्रजाति के पौधे लगाए गए और उनकी देखभाल करने का निर्णय लिया गया तथा म.वेशी से सुरक्षित रखने के लिए टी गार्ड लगाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर श्री डीआर पटेल पूर्व वन विभाग पदाधिकारी , पूर्व सरपंच तिलक राम मंगल भाऊ पटेल , रवि पिंटू मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

### घर बैठे संपत्तिकर और जलकर जमा करने की सुविधा होगी उपलब्ध

## लांजी में स्मार्ट सिटी और स्वच्छ भारत मिशन के तहत डिजिटल डोर प्लेट योजना शुरू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






स्मार्ट सिटी और स्वच्छ भारत मिशन की तर्ज पर लांजी नगर परिषद ने एक नई पहल की शुरुआत की है। अब नगर के हर मकान पर डिजिटल डोर प्लेट लगाई जा रही है, जिससे घरों की पहचान आसान होगी और नागरिकों को टैक्स संबंधित सुविधाएं भी डिजिटल माध्यम से मिलेंगी।नगर परिषद लांजी द्वारा शुरू की गई इस डिजिटल डोर प्लेट योजना के तहत संपत्तिकर और जलकर की राशि अब घर बैठे मोबाइल या ऑनलाइन माध्यम से पता की जा सकेगी। साथ ही भुगतान की सुविधा भी ऑनलाइन होगी, जिससे नगरवासी लाइन में लगने या दफ्तरों के चक्कर लगाने से बच सकेंगे।नगर परिषद के अनुसार यह पहल पारदर्शिता बढ़ाने और डिजिटल इंडिया अभियान को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हर घर पर यूनिक नंबर वाली डिजिटल प्लेट लगाई जा रही है, जिससे नगरपालिका के रिकॉर्ड को भी डिजिटल और अपडेटेड बनाया जा सके।

**मुख्य विशेषताएं :** हर घर को मिलेगा एक यूनिक डिजिटल डोर नंबर, QR कोड स्कैन कर जान सकेंगे संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि, घर बैठे टैक्स जमा करने की सुविधा, नगरपालिका के रिकॉर्ड में पारदर्शिता और तेजी, डिजिटल इंडिया और स्वच्छ भारत मिशन को मिलेगी मजबूती।

नगर परिषद अध्यक्ष व अधिकारियों ने नागरिकों से इस योजना में सहयोग करने और डिजिटल प्लेट को सही स्थान पर लगवाने की अपील की है। यह पहल लांजी नगर को स्मार्ट और डिजिटल बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है।

## पोषण दिवस पर 423 बच्चों का टीकाकरण किया गया

**बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर परेश उपलप ने जानकारी दी कि 25 जुलाई को आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण दिवस के साथ जिला चिकित्सालय, समस्त सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य सह आयुष्मान आरोग्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को सभी जरुरी स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की गई। इस दौरान 776 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई जिसमें चिन्हित 178 उच्च जोखिम वाली महिलाओं कों सेवायें प्रदान की गई एवं 26 महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। आंगनवाड़ी केंद्र स्तर पर 423 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जिसमें 1 वर्ष आयु के 316 बच्चें तथा 01 वर्ष से ऊपर आयु के 107 बच्चों को टीकाकरण की सेवायें प्रदान की गई। भारी बरसात के उपरांत भी स्वास्थ्य सेवायें लेने हितग्राही गर्भवती महिलाओं और बच्चों के परिजनों एवं बच्चों में काफ़ी उत्साह दिखाई दिया।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE • B.Com • M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111